NEWS CLIPPING: 27.02.2018

AMARUJALA

विज्ञान प्रतियोगिता में वाईएमसीए प्रथम

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अंतर कॉलेज विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल कालेज, बल्लभगढ़ द्वारा किया गया था। वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने बताया कि उनकी टीम के सदस्यों में एमएससी (केमिस्ट्री) अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अमित दूबे, अतुल शर्मा और विनोद शामिल थे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वाईएमसीए विश्वविद्यालय की टीम ने केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वुमन फरीदाबाद में आयोजित अंतर कालेज विज्ञान प्रतियोगिता में भी दूसरा स्थान हासिल किया था। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद करती है। ब्यूरो

HINDUSTAN

वाईएमसीए ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जीती

फरीदाबाद। वाईएमसीए विवि ने अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। इस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रवाल कालेज ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस टीम में स्नातकोत्तर रसायन के अंतिम वर्ष के छात्र अमित दूबे, अतुल शर्मा व विनोद शामिल रहे। जबकि केएल मेहता दयानंद महिला कॉलेज की छात्राओं ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।